दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 16 मार्च 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 166

महत्वपूर्ण एवं खास

मोदी आज सार्क नेताओं के साथ करेंगे बातचीत

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोविड-19 से निपटने के उपायों पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आज शाम 5 बजे सार्क नेताओं के साथ वार्तालाप करेंगे। प्रधानमंत्री कोविड-19 से निपटने और इसकी रोकथाम के लिए इस क्षेत्र में एक मजबूत साझा रणनीति बनाने के लिए सभी सार्क देशों की इस वीडियो कान्फ्रेंस में भारत का नेतृत्व भी करेंगे।

कोरोना के एक दंपत्ती सहित 4 पीड़ित भर्ती

पटना (आरएनएस)। कोरोना के चार संदिग्ध मरीजों को यहां शनिवार को पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, अस्पताल में भर्ती कराए गए संदिग्धों में एक दंपती भी शामिल हैं। इसमें पति अन्य राज्य के कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, वहीं पत्नी पटना के ही एक मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजीडेंट डॉक्टर हैं। दोनों इटली से शनिवार को पटना लौटे हैं। एयरपोर्ट पर इनमें कोरोनवायरस के लक्षण दिखने के बाद इन्हें पीएमसीएच भेजा गया। यहां आइसोलेशन वार्ड में रखकर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा पटना के इसी अस्पताल में कोरोना के दो और अन्य संदिग्ध मरीज आए हैं। इसमें एक मरीज जमुई से आया है, जबकि दूसरा पटना की बुद्धा कालोनी का निवासी बताया गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, ये दोनों भी पिछले दिनों विदेशों से आए हैं। सर्दी, खांसी जैसे लक्षण दिखने पर डॉक्टरों ने इन्हें पीएमसीएच भेजा है। पीएमसीएच में इनके ब्लड, सलाइवा आदि का सैंपल लेकर कोरोना की जांच के लिए भेजा गया है। फिलहाल इन चारों को आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है।

फारुक अब्दुल्ला से मिले थे पूर्व रॉ चीफ दुलत

» रिहा कराने का किया दावा

नईदिल्ली (आरएनएस)। पिछले साल 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद से नजरबंद नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला को अब रिहा कर दिया गया है. फारूक अब्दुल्ला की इस तरह अचानक हुई रिहाई से हर कोई हैरान है. इन सब के बीच आईबी के विशेष निदेशक और रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत ने फारूक अब्दुल्ला की रिहाई को लेकर बड़ा खुलासा किया है. दुलत के मुताबिक वह खुद फारूक अब्दुल्ला से मिले थे, जिसके बाद ही केंद्र सरकार की ओर से उन्हें रिहा करने का फैसला लिया गया. दुलत ने दावा किया है कि मुलाकात के दौरान फारूक ने साफ तौर पर कहा था कि वह और उनका बेटा देश के खिलाफ बिल्कुल भी नहीं है। दुलत ने बताया कि हाल में उन्होंने जब कश्मीर का दौरा किया था, उस वक्त उन्हें विशेष मिशन के लिए वहां भेजा गया था. उन्होंने बताया कि इस मिशन का नाम मिशन फारूक था।

शवों के अंत्येष्टि के लिए गाइड लाइन बनाने में जुटी सरकार

» कोरोना वायरस मामला

नईदिल्ली (आरएनएस)। कोरोना वायरस से संक्रमित 68 वर्षीय एक महिला की दिल्ली में मौत होने के बाद उसकी अंत्येष्टि को लेकर हुए विवाद के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस वायरस का शिकार होने वाले लोगों के शवों की अंत्येष्टि के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने पर काम शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि शव की अंत्येष्टि से कोरोना वायरस संक्रमण फैलने की आशंका नहीं है. लेकिन ऐसे में दिशा-निर्देश इस गलत धारणा को खत्म करने के लिए और किसी मृतक से रोग के नहीं फैलने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पांच और राजस्थान एवं दिल्ली के एक-एक रोगी सहित जिन सात लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, उन्हें उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. भारत में कोरोना वायरस से दूसरी मौत शुक्रवार को दर्ज की गई।

ईरान से कोरोना के खौफ में जी रहे 234 भारतीय वतन लौटे

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार के प्रयासों से बुरी तरह कोरोना वायरस की मार झेल रहे ईरान में फंसे 234 भारतीयों को भारत ले आया गया है, जिनमें 131 स्टूडेंट और 103 तीर्थ यात्री शामिल हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि इसके लिए ईरान सरकार और भारतीय दूतावास के प्रयास सराहनीय है, जिनके कारण ईरान से विमान दिल्ली पहुंचा और यहां से फिर जैसलमेर के लिए रवाना हुआ। आर्मी के आइसोलेशन वॉर्ड में सभी आने वालों की स्क्रीनिंग की जाएगी और इसके बाद जैसलमेर के क्वैरंटाइन में रखा जाएगा। शुक्रवार को

44 यात्रियों का एक जत्था ईरान से भारत वापस लाया गया था। ईरान से 58 यात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को भारत आया था।

ईरान में शनिवार को इस खतरनाक वायरस से लगभग 100 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही वहां का आंकड़ा 700 के करीब पहुंच गया है। देश में लगभग 13 हजार लोग कोरोना से संक्रमित हैं।

पश्चिम एशिया में ईरान कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। ईरान के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। ईरान के शीर्ष नेता खोमैनी के सलाहकार भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इससे पहले सऊदी अरब ने कोरोना वायरस के चलते अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर दो सप्ताह के लिए पाबंदी लगा दी है। खाड़ी देश भी दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस की चपेट में हैं।

दुनियाभर में 150,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। सऊदी अरब के निकटवर्ती देश ईरान में सबसे अधिक लोग कोरोना वायरस संक्रमित हैं। ईरान में 13,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें से 700 लोगों की मौत हो चुकी है।

संसद भवन परिसर के लिए आम आदमी के विजिटर पास पर रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोरोना वायरस के खतरा को देखते और एहतियाती कदम उठाते हुए लोकसभा सचिवालय ने दर्शक दीर्घा (पब्लिक गैलरी) और संसद परिसर में घूमने से जुड़े पास को जारी करने पर रोक लगा दी है।

लोकसभा की महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव की ओर से संसद में विजिटर पास पर यह रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। श्रीवास्तव की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया कि कोरोना वायरस के फैलने से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए एहतियात तौर पर दर्शक दीर्घा और संसद में घुमने से जुड़े पास जारी करने को अगले नोटिस तक निर्लंबित करने का फैसला किया गया है।

आदेश में कहा गया है, कि इसके अनुसार संसद सदस्यों से भी आग्रह किया जाता है कि वे संसद भवन परिसर घुमने या पब्लिक गैलरी पास जारी करने की अनुशंसा नहीं करें। इस आदेश के बाद आम लोगों के लिए संसद परिसर में जाने की अनुमति नहीं होगी. यह आदेश सोमवार से लागू होगा।

संसदीय समिति ने स्वास्थ्य तंत्र में पीपीपी मॉडल का दिया सुझाव

» देश का स्वास्थ्य तंत्र वास्तविकता का पता लगाने में विफल

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद की एक स्थायी समिति ने चिकित्सा पेशे को उत्तम बनाने के लिए उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सहयोग करने एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है, ताकि गुणवत्ता बेहतर की जा सके। चूंकि देश में स्वास्थ्य देखरेख की वास्तविकता का पता लगाने एवं उपलब्ध मानव संसाधन का उपयोग करने में देश के वर्तमान स्वास्थ्य तंत्र विफल रहा है।

संसद की एक स्थायी समिति ने चिकित्सा पेशे को उत्तम बनाने के लिए उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सहयोग करने एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है, ताकि गुणवत्ता बेहतर की जा सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति ने सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति या व्यवसाय विधेयक पर विचार विमर्श के दौरान यह टिप्पणी की । विधेयक फिजियोथेरापी, आप्टोमैट्री, न्यूट्रिशनलिस्ट, चिकित्सा प्रयोगशाला, विकिरण चिकित्सा प्रौद्योगिकी सहित चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े 53 से अधिक ऐसे व्यवसायों को मान्यता प्रदान करने का उपबंध करता है जिनके पास समग्र विनियामक तंत्र नहीं है।

इसमें ऐसे व्यवसायियों के संबंध में एक केंद्रीय रजिस्टर बनाने का उपबंध भी किया गया है । संसद में हाल ही में पेश समिति की रिपोर्ट में स्वास्थ्य देखरेख क्षेत्र के विकास के लिये एक व्यापक विनियामक प्रणाली की वकालत करते हुए कहा गया है कि स्वास्थ्य संबंधी देखरेख की वास्तविकता का पता लगाने एवं उपलब्ध मानव संसाधन का उपयोग करने में देश का वर्तमान स्वास्थ्य ढांचा विफल रहा है । समिति का मानना है कि स्वास्थ्य देखरेख क्षेत्र में व्यापक विनियामक प्रणाली से बेहतर इकोसिस्टम प्रदान करने में मदद मिलेगी।

ऐतिहासिक स्मारकों के आसपास निर्माण पर रोक की नीति की होगी समीक्षा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल का कहना है कि सरकार केंद्रीय तौर पर संरक्षित स्मारकों को उनके ऐतिहासिक महत्व के आधार पर वर्गीकृत करने के लिए उस नीति की समीक्षा करेगी जो ऐसे स्मारकों के आसपास निर्माण को नियंत्रित करती है।

प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 के अनुसार, केंद्रीय तौर पर संरक्षित स्मारकों के आसपास 100 मीटर के दायरे में निर्माण पर रोक है जबकि 100-200 मीटर के दायरे के तहत निर्माण नियमित है। बीते कई सालों में, इस कानून ने इन क्षेत्रों के आसपास विकास कार्य को काफी बाधित किया है। इस वजह से सरकार ने ऐसी बाधाओं को दूर करने के लिए संसद के पिछले सत्र में संशोधन लाने का फैसला किया था। यह संशोधन लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन राज्यसभा ने इसे एक समिति को भेज दिया था। पटेल ने कहा, हम सभी स्मारकों के ऐतिहासिक महत्व के आधार पर उनका पुनः वर्गीकरण करने की योजना बना रहे हैं। संबंधित अधिकारियों से इसके लिए रूपरेखा देने को कहा गया है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ताज महल के आसपास 500 मीटर के दायरे में कोई निर्माण नहीं किया जा सकता, लेकिन अगर यह कोई मजार या कोई समाधि हो तो यही तर्क लागू नहीं किया जा सकता। मंत्री ने कहा, मजार और समाधि के आसपास 300 मीटर के दायरे में कुछ नहीं बनाया जा सकता है। ऐसा क्यों होना चाहिए? उन्होंने कहा, हम संशोधन लाने की तैयारी कर रहे हैं। हमारे पास सूरत से एक मामला आया है, जहां स्मार्ट सिटी के डिजाइन के बीचों-बीच ब्रिटिश जमाने की एक कब्र है।

पटेल ने कहा कि केंद्रीय तौर पर संरक्षित स्मारकों की सूची में कई वर्षों में पर्याप्त वृद्धि नहीं देखी गई और राज्य सरकार के तहत आने वाले अहम स्थलों को सूची में शामिल किया जा सकता है। पुनः वर्गीकरण के बाद कुछ स्थलों को जब केंद्र की सूची से हटा दिया जाएगा तो उनके समीप विकास कार्य किया जा सकते हैं।

कोरोना पर केंद्र सरकार को और ध्यान देना चाहिएः चिदंबरम

नईदिल्ली (आरएनएस)। पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कोरोना वायरस से बचाव के लिये केंद्र सरकार के उपायों पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिये केंद्र सरकार और उपायों पर काम करे। चिदंबरम ने रविवार को ट्वीट करते हुए कहा , कोरोना वायरस से निपटने के लिये किये गये अब तक के उपाय संतोषजनक हैं, लेकिन क्या हम इसमें और कुछ नहीं कर सकते? कोविड-19 के पॉजिटिव मामले एक हफ्ते में 31 से बढ़कर 84 हो गये हैं। कई राज्य सरकारों ने आंशिक लॉकडाउन की घोषणा की है। अब केंद्र सरकार को इस पर और ध्यान देना का समय आ गया है।

भारत ने चार पड़ोसी देशों की जमीनी सीमाएं की सील

» भारत में कोरोना वायरस से संक्रमितों की संख्या 107 पहुंची

नई दिल्ली (आरएनएस)। दुनिया भर में कहर बरपा रहा कोरोना वायरस धीरे-धीरे भारत में भी पैर पसार रहा है। अधिकतर राज्यों में जहां इसे लेकर सावधानी बरतते हुए जनसभाओं आदि पर रोक लगा दी गई है। साथ ही सिनेमा हॉल व शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। वहीं, बाहरी देशों से कोरोना संक्रमण न फैले इसके लिए भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की सीमाएं बंद कर दी हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि कोराना वायरस महामारी के प्रसार को देखते हुए पांच पड़ोसी देशों की सीमाओं पर आवागमन बंद किया जा रहा है। साथ ही इस वैश्विक महामारी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सार्क देशों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि ईरान में फंसे 234 भारतीय नागरिक वापस भारत ले आए गए हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अभी कोरोनावायरस से 017 संक्रमित हैं जिसमें 17 विदेशी नागरिक हैं। मंत्रालय के अनुसार 10 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि दो की मौत हो चुकी है। वहीं कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यामांर की सीमाओं पर 15 मार्च की आधी रात से, जबकि पाकिस्तान सीमा पर 16 मार्च की आधी रात से सड़क यातायात अगले आदेशों तक बंद कर दिया जाएगा। हालांकि सीमा की कुछ चेकपोस्ट पर आवाजाही को एहतियाती उपायों व जांच के साथ चालू रखा जाएगा। भारत-बांग्लादेश के बीच अंतरराष्ट्रीय ट्रेन व बस सेवाएं भी 15 अप्रैल तक बंद रहेंगी।

सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर

» अनंतनाग-कुलगाम में इंटरनेट सेवाएं बंद

श्रीनगर (आरएनएस)। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक दिन ब दिन भारत में हमले करवाने की साजिश रचता रहता है। वहीं भारत पाक की हर चाल को नाकाम करता आया है। वहीं आज जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबर है।

बताया जा रहा है कि भारतीय सुरक्षाबलों ने अब तक चार आतंकियों को मार गिराया है। अभी भी फायरिंग की आवाज सुनी जा रही है। मुठभेड़ में किसी भी भारतीय जवान के घायल होने की सूचना नहीं है। आतंकी गतिविधि को देखते हुए भारतीय सुरक्षाबलों ने अभी भी पूरे इलाके को घेर रखा है और सर्च ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों को अनंतनाग स्थित वटरीगाम में आतंकियों के छुपे होने की खबर मिली थी।

खुफिया जानकारी के आधार पर जब सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरने की कोशिश की तो एक घर में छुपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। काफी देर तक चली फायरिंग में चार आतंकियों के मारे जाने की खबर है। अभी भी फायरिंग जारी है। बताया जा रहा है कि अभी भी एक आतंकी इलाके में छुपा हुआ है।

ट्रंप ने कोरोना से काबू पाने राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस घोषित किया

» सभी धर्मों व पंथों के लोगों से एकजुट होकर प्रार्थना करने का आग्रह किया

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नोवेल कोरोनावायरस के खतरे पर काबू पाने के लिए रविवार को राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस घोषित किया है। कोरोना वायरस से प्रभावित सभी अमेरिकियों के लिए राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को सभी धर्मो व पंथों के लोगों से एकजुट होकर प्रार्थना करने का आग्रह किया।

घोषणा में कहा, आपके राष्ट्रपति के रूप में मैं आपको अपने साथी अमेरिकियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करने के लिए कहता हूं और याद रखना चाहिए कि ईश्वर के लिए कोई समस्या बहुत बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा है, ईश्वर की मदद से हम इस खतरे से पार पा लेंगे।

ट्रंप ने कहा कि महामारी के कारण लाखों अमेरिकी चर्चरें, मंदिरों, प्रार्थना सभाओं और मस्जिदों में एकत्र होने में असमर्थ हैं। उन्होंने सभी धर्मो के लोगों से अपील की और सामान्य रूप से ईश्वर की बात की। प्रार्थना व धर्म अमेरिकी सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ईरान में फंसे 236 भारतीय पहुंचे स्वदेश

» 14 दिन रखे जायेंगे निगरानी में

जैसलमेर (आरएनएस)। ईरान से लाये गये 236 भारतीय नागरिकों को लेकर दो विमान सुबह राजस्थान के जैसलमेर पहुंच गये। सूत्रों ने बताया कि 118 नागरिकों को लेकर पहला विमान सुबह साढ़े सात बजे पहुंचा। इसके थोड़ी देर बाद अन्य 118 नागरिकों को लेकर दूसरा विमान भी पहुंच गया। सभी नागरिकों को हवाई अड्डे से कड़ी सुरक्षा में बसों से सीधे सैन्य क्षेत्र में स्थित वैलनेस सेंटर ले जाया गया। इससे पहले इन भारतीय नागरिकों को लेकर विमान दिल्ली पहुंचा जहां से दो विमानों से सीधे जैसलमेर के लिये रवाना कर दिया गया।

जम्मू एवं कश्मीर में केन्द्रीय कानूनों के क्रियान्वयन में कोई भेदभाव नहीं: शाह

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व में जम्मू एवं कश्मीर की अपनी पार्टी के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार जम्मू एवं कश्मीर के सर्वांगीण विकास के लिए सभी कदम उठाएगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि अगले कुछ महीनों में जमीनी स्तर पर सुस्पष्ट बदलाव दृष्टिगोचर होने लगेगा। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल द्वारा लगभग 40 मुद्दे उठाए जाने के बाद उनसे बातचीत करते हुए जोर देकर कहा कि सरकार का क्षेत्र में जनसांख्यिकीय परिवर्तन लाने का कोई इरादा नहीं है और ऐसी किसी भी बातचीत का बिल्कुल कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू एवं कश्मीर के राज्य बनने की उम्मीदों को पूरी करने के लिए जल्द से जल्द समाज के सभी वर्गों के साथ कार्य करेगी।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने धारा 370 निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए यह बात कही थी और यहां तक कि उन्होंने भी 6 अगस्त, 2019 को लोकसभा के अपने भाषण में यही बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि यह भारत के हितों के लिए भी अच्छा है, क्योंकि यह क्षेत्र एक सीमावर्ती क्षेत्र है। प्रतिबंधों को लेकर प्रतिनिधिमंडल की आशंकाओं को दूर करते हुए शाह ने कहा कि रियायतों पर सभी निर्णय जमीनी वास्तविकताओं पर आधारित हैं और किसी दबाव के कारण नहीं है।